# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जून 2021




नगर पालिक निगम भिलाई

# नाली से अतिक्रमण हटाकर की गई सफाई, नाली सफाई में अवैध निर्माण बन रही थी बाधक

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर नेहरूनगर जोन 01 की टीम ने वार्ड 05 लक्ष्मीनगर में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। दुकानदारों द्वारा नाली पर कांक्रीट से बनाई गई रैम्प, चबूतरे आदि को राजस्व एवं स्वच्छता कर्मचारियों की टीम ने जेसीबी के माध्यम से मार्केट के दोनो किनारों को लक्ष्मीनगर पुलिया तक तोड़कर कब्जा खाली कराया, जिससे बारिश का पानी बिना कोई अवरोध के गंतव्य की ओर प्रवाहित हो सके। निगम प्रशासन की चेतावनी के बाद भी नाली पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटा रहे थे, लोगों ने नाली में मलबा डालकर स्लेब व सीढ़ी आदि बना लिये थे, इसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने काॅफी परेशानी का सामना करना पड़ता था तथा नाली जाम होने से बारिश का पानी सड़को पर बहता है। जिसके कारण सफाई कर्मचारियों को नाली साफ करने में काॅफी परेशानी होती थी, तथा नाली जाम होने के वजह से बारिश के दौरान नाली का पानी सड़कों पर बहने लगता है। नाली पर अतिक्रमण होने की वजह से नाली सफाई नहीं हो पा रही थी, कई स्थानों पर से निकासी बंद हो गया था, इससे सड़क पर गंदगी फैलने लगी थी जिससे मार्केट में दुर्गंध फैलता रहा था, इससे बाजार में आने वाले नागरिकों को आने जाने वालों को परेशानी होती थी, समयस्या को गंभीरता से लेते हुये निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मार्निंग विजिट के दौरान लक्ष्मी मार्केट पहुंचकर नाली सफाई का जायजा लिये और नाली सफाई नहीं होने पर अतिक्रमण हटाकर सफाई करने के निर्देश दिये।



# निगम क्षेत्र में बने उद्यानों का निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी उद्यान की सफाई व्यवस्था समुचित तरीके से बनी रहे इसके लिए आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निरीक्षण किया, और उन्होंने पहली बारिश के बाद उग गई खरपतवार और पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश संबंधित अधिकरियों को दिये। अमृत मिशन के तहत बने उद्यान में पाथवे आदि की सफाई कराने कहा ताकि उद्यान की सुंदरता बनी रहे और क्षेत्र के नागरिकों को उद्यान का लाभ मिले। पौनी पसारी योजना के तहत चबूतरो का निरीक्षण करते हुए पानी, सफाई तथा आवश्यक सेवाओं को दूरूस्त करने के निर्देश जोन 02 जोन के अभियंताओं को दिए। निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने निगम क्षेत्र के उद्यान का निरीक्षण किया, वार्ड 27 घासीदास नगर में अमृत मिशन के तहत बने उद्यान पहुंचे जहां स्वच्छता और सुंदरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित जोन आयुक्त व अभियंताओं को 4 - 5 गार्डन का क्लस्टर बनाकर सफाई व्यवस्था को समुचित तरीके बनाए रखने के कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए, ताकि उद्यान में आने वाले क्षेत्र के नागरिकों तथा बच्चों को स्वच्छ वातावरण, हरियाली और छांव मिलता रहे। आयुक्त महोदय पौनी पसारी योजना के तहत बनाए गए चबूतरे व शेड का निरीक्षण किए इससे लगा हुआ सब्जी मंडी भी है, इसे देखते हुए स्थल पर पानी, सफाई, प्रसाधन, पार्किंग, विद्युत सहित मूलभूत व्यवस्था को दूरूस्त करने के निर्देश दिए। निगम क्षेत्र के नागरिकों की सुविधा के लिए बनाए उद्यान में बारिश पूर्व साफ सफाई अभियान जारी है, गणेश उद्यान, सांई गार्डन, शिवाजी उद्यान, बक्शी उद्यान, शास्त्री उद्यान, मलेनियम उद्यानमैत्री विहार, हुडको प्रियदर्शनी परिसर, बापूनगर, टाटालाईन कोहका, हाससिंग बोर्ड के उद्यान में बारिश के पूर्व सफाई कार्य जारी है।





# मा॒र्निंग विजिट में निगम आयुक्त ने किया पानी का कम दबाव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण

भिलाईनगर/ भिलाई निगम के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज सुबह निगम क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किए। लक्ष्मीनगर, गदा चैक, शांतिनगर, चन्द्रनगर में मौके पहुंचकर नाली की सफाई, पेजयल व्यवस्था एवं चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लेते हुए जोन आयुक्त शीघ्रता से कार्य करने निर्देश दिए। आयुक्त महोदय बैकुंठधाम गोबर खरीदी केन्द्र में वर्मी खाद बनने की प्रक्रिया और केचुंआ पालन का भी जायजा लिये। इसके बाद संतोषी पारा क्षेत्र में नलो में पानी का कम दबाव वाले एरिया में सर्वे कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश इंजीनियरों को दिए। इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद चैक पर नाली पर अवैध स्लेब को तोड़कर दबे हुए मलबे को हटाने के लिए कहा गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा और ईई संजय शर्मा ने अधिक बारिश होने पर जलभराव वाले एरिया में पानी निकासी को लेकर तकनीकी समस्याओं को बताया जिस पर राजेन्द्र प्रसाद चैक के पास नाली में पटे हुए मलबा, नाली पर अतिक्रमण को तोड़ने तथा  कंटीली झाड़ियों को हटाने तथा जोन 02 शांतिनगर, चन्द्रनगर, सड़क 25, एवं सड़क 26 में जल जमाव की समस्या आती है यहां पर बारिश का पानी न रूके इसलिए नाले के उपर बनाए गए अवैध पुलिया तोड़कर सघन स्तर पर सफाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि, पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह, अर्पित बंजारे, चंद्रपाल हरमुख, अंकित सक्सेना, अंजनी सिंह, आर.पी. तिवारी सहित निगम अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने पाॅवर हाउस मार्केट में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र के सभी बाजार क्षेत्रों में सुबह शाम दोनों पालियों में निरंतर सफाई की जा रही है, ताकि बाजार में आने वाले नागरिकों को परेशानी न हो। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी आज सुबह जोन 03 क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किए। नंदीनी रोड, लिंक रोड, सकुर्लर मार्केट तथा सुभाष सब्जी मंडी व फल मंडी मार्केट में घूमकर सफाई कार्यों का जायजा लिए और उपस्थित जोन के अधिकारी को दुकान खुलने के पूर्व ही सफाई तथा कचरे का उठाव कार्य करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बाजार के भीतरी गलियों मंे नालियों पर कब्जा कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ तोड़तोड़ अभियान चलाकर नाली को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश ताकि जाम नाली का पानी बाजार के सड़कों पर न फैले और स्वच्छता बनी रहे। स्वच्छ भिलाई सुंदर भिलाई के तहत भिलाई निगम का अमला निगम क्षेत्र के पाॅवर हाउस फल व सब्जी मंडी, सुपेला सब्जी मंडी, सुपेला बाजार, केम्प एरिया, नेहरू नगर, सुपेला बाजार, दक्षिण गंगोत्री, उत्तर गंगोत्री, गोल मार्केट,सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट, अनाज रोड, लिंक रोड बाजार सहित सभी प्रमुख बाजारों में प्रतिदिन सफाई की जाती है ताकि बाजार व आस पास क्षेत्र को साफ रखा जा सके। आयुक्त महोदय निरीक्षण करते हुए मार्केट के भीतरी गलियों में पहंुचे जहां सब्जी मंडी में नाली के उपर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों के खिलाफ तोड़फोड़ कर नाली से कब्जा हटाने कहा गया है, बाजार के नाली जाम होने से नाली का पानी सड़को पर फैलने लगा है, उनके विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश जोन स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।



# स्वच्छ पेजयल के लिए पानी टंकी के अंतिम छोर के पानी लिया जाएगा सेंपल

भिलाईनगर/ भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने अब हर पानी टंकी के अंतिम छोर तक पहुंचने वाले पानी का सेंपल लेकर जांच किया जाएगा। पेयजल के लिए पाईपलाइन में समस्या, सप्लाई या किसी प्रकार की शिकायत आने पर तत्काल टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश मुख्य अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने उप अभियंताओं को दिए। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में पानी का कम दबाव वाले जिन क्षेत्रों में पाईपलाइन वितरण जारी है उसे शीघ्र ही पूरा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने निगम क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल तथा जलप्रदाय व्यवस्था को दूरूस्त बनाने के लिए निर्देश दिए है ताकि पेयजल को लेकर किसी भी प्रकार समस्या न आए। 77 जल शोधन संयंत्र में जलकार्य विभाग के अभियंताओं के साथ मुख्य अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने बैठक लेकर जलप्रदाय वाले पाईपलाइन में टूट फूट या लिकेज होने पर तत्काल संधारण कार्य कराने कहा गया। सार्वजनिक नल व हैण्ड पम्पों के के आस पास पर्याप्त सफाई कराने, कार्यपालन अभियतंा संजय शर्मा ने बताया कि भिलाई निगम क्षेत्र के हर घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचे इसके लिए भिलाई निगम के मुख्य अभियंता श्री सिंह ने जलकार्य के उप अभियंताओं की बैठक लिए जिसमें प्रतिदिन पानी टंकी के अंतिम छोर तक जाने वाले 3 स्थानों से पानी का सेंपल लेकर सतत रूप से निगम के आधुनिक लैब में जांच करने कहा गया ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे।



# मच्छर उन्मूलन के रोकथाम के लिए निगम कर्मी हर गली मोहल्लें में कर रहे टेमिफास का छिड़काव

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र में मच्छर उन्मूलन की रोकथाम के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे है। निगम भिलाई के स्वास्थ्य विभाग का अमला गली-मोहल्लों के सघन रूप से वार्डों के क्षेत्रों में हैंड स्प्रे से फाॅगिंग कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारियों से आम जन को बचाया जा सके साथ ही गमले, पानी टंकी की व घरों के कूलरों में भरे हुए पानी की जांच कर खाली करवाना व टेमिफॅास का छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के प्रकोप के रोकथाम हेतु टाउनशिप के क्षेत्रों में विशेष टीम बनाकर कार्य किया जा रहा है, जिसका उच्चाधिकारी नियमित रूप से माॅनिटरिंग कर रहे है। स्वास्थ्य विभाग का अमला घरों में जाकर सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रही है। मच्छर का लार्वा के रोकथाम के लिए लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूकता के लिए मुनादी भी कराई जा रही है। नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश जोन कार्यालयों के कर्मचारियों का अमला बारिश के पानी से जलजमाव वाले स्थान पर मच्छर का लार्वा पनपे इसे रोकने मलेरिया व जला आइल का छिड़काव किया जा रहा है तथा मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी से बचाव के लिए भिलाई निगम प्रशासन की ओर से प्रतिदिन शाम को हैन्ड स्प्रे व वाहन के माध्यम से धुआं छोड़कर फाॅगिंग किया जा रहा है।





## समझाईश के बाद भी मिला लार्वा या गंदगी फैलाई तो होगी कार्यवाही

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रभावी रूप से कार्य करने के लिए बैठक लेकर रणनीति बनाई गई है। सभी जोन के आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाईजरों से चल रहे कार्यों की फीडबैक लेकर सघन स्तर पर लार्वा के स्रोत स्थलों की जांच करने तथा टेमिफाॅस का छिड़काव करने के निर्देश दिए। घरों में अनावश्यक रूप से पानी भरकर रखे गए पानी टंकी या पात्र, डंप किए गए बिल्डिंग मटेरियल, दुकानों के कबाड़ जहां लार्वा पनपने का स्रोत हो तथा गंदगी फैलाने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। टाउनशिप क्षेत्र में बीएसपी प्रबंधन के साथ समन्वयन बनाकर सेक्टर वार कार्य किया जाएगा। निगम उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने बैठक में अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि डेंगू रोकथाम को लेकर पूरी गंभीरता से कार्य करें किसी भी कार्य में लापरवाही पाए जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। हर वार्ड में डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता लाने मुनादी करने कहा गया ताकि डेंगू को प्रारंभिक स्तर पर नियंत्रण किया जा सके। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण के लिए चल रहे कार्यों में तेजी लाने के लिए निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर उपायुक्त अशोक द्विवेदी सभी जोन आयुक्त तथा डेंगू रोकथाम कार्य में संलग्न अभियंता, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाईजरों की निगम सभागार में बैठक लेकर जोनवार फीडबैक लिए और निगम क्षेत्र में एक भी व्यक्ति को डेंगू न हो इसका लक्ष्य बनाकर कार्य करने के लिए रणनीति बनाई गई।



# अधीक्षण अभियंता के साथ निगम प्रशासन ने 16 कर्मचारियों को दी स-सम्मान विदाई

भिलाई नगर । 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 16 कर्मचारियों को ससम्मान विदाई दी गई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारी कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शाॅल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को साझा करते हुए सभी को एकजुट होकर कोरोना काल से निपटने के लिए प्रेरित किए। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किये और जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर श्री सत्येन्द्र सिंह द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों तथा केनाल रोड निर्माण को तीव्र गति से कराने को लेकर निगम परिवार सदैव याद रखेगा।






**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई